विपणन/वी.म.काँ.-2020/01/आयो.समिति/2019 31-05-2019

**14 वीं विश्व मसाला काँग्रेस (WSC2020) की मेजबानी के लिए स्पाइसेस बोर्ड के साथ जुड़ने के लिए पात्र संगठनों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) का निमंत्रण**

**सामान्य**

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय है। बोर्ड इलायची के समग्र विकास, अनुसंधान और घरेलू विपणन और 52 मसालों के निर्यात संवर्धन के लिए जिम्मेदार है। साथ ही बोर्ड एक गैर-लाभकारी उद्देश्य के साथ प्रवृत्त है और गुणवत्ता अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए वैश्विक मसाला बाज़ार के औद्योगिक, खुदरे और खाद्य सेवा क्षेत्रों केलिए स्वच्छ एवं मूल्यवर्धित मसालों व शाकों के अंतर्राष्ट्रीय प्रसंस्करण हब और प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत को प्रतिष्ठित करने के लक्ष्य के साथ मसाला उद्योग के विभिन्न पणधारियों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करता है।

आज, स्पाइसेस बोर्ड भारतीय मसालों के विनियमन और गुणवत्ता मूल्यांकन के अलावा भारतीय मसालों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के विकास और संवर्धन का प्रमुख संगठन है। बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेश में आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है। उद्योग के हर क्षेत्र को शामिल करते हुए भारतीय मसालों की उत्कृष्टता के लिए बोर्ड गतिविधियों की अगुवाई कर रहा है।

**विश्व मसाला काँग्रेस (WSC)**

स्पाइसेस बोर्ड, भारत में 1989 से लेकर विश्व मसाला काँग्रेस (WSC) का आयोजन करता आ रहा है। इस श्रृंखला की 13वीं कॉग्रेस 27-29 फरवरी, 2016 के दौरान अहमदाबाद में संपन्न हुई थी। अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण 2018 के दौरान इसका आयोजन नहीं किया गया था। पिछले कांग्रेस में दुनिया के चारों ओर के 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी की और इस के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में 100 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इन वर्षों में, "डबल्यू एस सी" "वैश्विक मसाला समुदाय (ग्लोबल स्पाइस कम्युनिटी)" के प्रख्यात व्यक्तित्वों की एक प्रतिष्ठित सभा के रूप में माना जाने लगा है और खरीददारों, अनुसंधान व विकास कर्मियों, खुदरा विक्रेताओं, नीति निर्धारण निकायों, गुणवत्ता विशेषज्ञों, निर्यातकों, आयातकों, व्यापारियों और अन्य मसाला उत्साहियों सहित बड़ी संख्या में विदेशी प्रतिनिधियों को आकर्षित करता रहा है। यह द्विवार्षिक विश्व मसाला काँग्रेस उत्पादन और व्यापार को बढ़ावा देने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और स्थिरता बनाए रखने की कार्रवाई हेतु गति निर्धारण के लिए तत्पर है। इस उद्योग में फसलों, विपणियों और हाल के रुझानों पर चर्चा के लिए एक मंच की स्थापना, यह मेला संभव तरीकों और विचारों का पता लगाने की कोशिश करेगा जिन्हें सबसे व्यावहारिक प्रकार से लागू किया जा सकता है। यह वैश्विक विचारवाले नेताओं, कृषक प्रतिनिधियों, नीति-निर्धारण निकायों के साथ-साथ मसाला उद्योग और खाद्य और पेय कंपनियों के प्रमुख खिलाड़ियों को एक साथ एक मंच पर लाता है।

उम्मीद है कि लंबी मसाले उद्योग तथा व्यापार पर डब्ल्यू एस सी का लंबे समय तक टीके रहनेवाले प्रभाव होंगे। इसके साथ ही जो प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है, वह निश्चित रूप से भावी ग्राहकों को भारतीय मसाला कंपनियों की क्षमताओं और दक्षताओं के बारे में जानने के लिए एक परिदृश्य पेश करेगी, जिससे मसाला उद्योग के लिए एक स्वस्थ और जिम्मेदार भविष्य का निर्माण होगा। इसके अलावा यह वैश्विक समुदाय के लिए एक साथ आने और एक दूसरे के साथ संबंधों को मजबूत करने का एक अवसर है।

**उद्देश्य**

स्पाइसेस बोर्ड अगली विश्व मसाला काँग्रेस (WSC), जो अपनी श्रृंखला में 14 वीं है, वर्ष 2020 के दौरान देश के प्रमुख मसाला उत्पादक / व्यापारिक राज्यों में से एक में, आयोजित करने के विचार में है। इस ईओआई का उद्देश्य, स्पाइसेस बोर्ड के साथ **14 वीं विश्व मसाला काँग्रेस** के संचालन में ज्ञान व सह वित्तीय साझेदार के रूप में जुड़ने में रुचि रखनेवाले योग्य और सक्षम संगठनों/ संस्थान / संघ / सहकारिता आदि का चयन करना है। स्पाइसेस बोर्ड पात्र संगठनों का चयन करेगा और उनकी सेवाओं का उपयोग आवश्यकता के आधार पर किया जाएगा। बोर्ड आवेदकों से सबसे उपयुक्त संगठनों का चयन करने का अधिकार रखता है।

**पात्रता मानदंड**

- भारतीय मसाला उद्योग के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठन/ संस्था (संस्थाएं) / सहायता-संघ/ सहकारी / फेडरेशन / एसोसिएशन होने चाहिए।
- निकाय को मसालों से संबंधित गतिविधियों में कम-से-कम पाँच साल तक का अनुभव होना चाहिए।
- निकाय को, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मेलों/व्यापार संवर्धन कार्यकलापों/सेमिनारों आदि चलाने केलिए पर्याप्त अनुभव होना चाहिए।
- एक स्क्रीनिंग कमेटी, आवेदन का मूल्यांकन करेगी और संबंधित क्षेत्रों में संगठनों की योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा

## ज्ञान व सह वित्तीय-साझेदार से अपेक्षित प्रमुख जिम्मेदारियाँ तथा भागीदारी का क्षेत्र

- चयनित निकाय आगामी विश्व मसाला कांग्रेस: 2020 के सुचारू और कुशल संचालन के लिए स्पाइसेस बोर्ड के साझेदार होंगे।
- बोर्ड के निदेशानुसार सम्मेलन के आयोजन में, प्रत्येक चयनित निकायों की बराबरी की ज़िम्मेदारी होगी।
- संगठनों के संयुक्त आवेदन पर भी विचार किया जाएगा। संयुक्त आवेदन के मामले में, एक साथ जुड़ने वाले संगठनों को पात्रता मानदंड पूरा करना होगा।
- सम्मेलन केलिए स्थल व स्थान का चयन।
- मसाला उद्योग की वर्तमान आवश्यकता के आधार पर सम्मेलन के लिए एक उचित विषय विकसित करने के लिए ज्ञान और उनकी विशेषज्ञता प्रदान करना।

- बिसिनेस सत्र केलिए विशेषज्ञों व विषयों की पहचान करना ।
- सम्मेलन के दौरान प्रदर्शकों को बढ़ावा देना और उनकी पहचान करना।
- सम्मेलन के आयोजन केलिए प्रायोजकों की पहचान करना ।
- सम्मेलन के कुशल संचालन के लिए कोई भी अन्य संबंधित गतिविधियां

**वित्तीय प्रतिबद्धता**

चयनित साझेदारों को सम्मेलन के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता के रूप में बोर्ड को न्यूनतम 10.00 लाख रुपए की राशि का अंशदान देना अपेक्षित है। साझेदार का चयन पेश किए गए वित्तीय समर्थन और व्यापार सत्र के लिए उपयुक्त थीम, विषय और वक्ताओं की पहचान करने में उनकी क्षमता पर आधारित होगा।

**साझेदारों को लाभ**

- चयनित निकाय, सम्मेलन के आयोजन में स्पाइसेस बोर्ड के साझेदार होंगे अतः उनका नाम, लॉगो इत्यादि सम्मेलन से संबंधित सभी दस्तावेजों में सम्मेलन के सह-आयोजक के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।
- चयनित साझेदारों के नाम और लॉगो को सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट और अन्य प्रासंगिक ब्रोशरों/प्रकाशनों में सह-आयोजक के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।
- चयनित साझेदारों द्वारा नामित व्यक्ति डबल्यू एस सी की आयोजन समिति(OC),जो आयोजन के संचालन से संबंधित सभी नीतिगत मामलों को लेने की कार्यान्वयन समिति है, के सदस्य होंगे ।
- ज्ञान और सह वित्तीय-साझेदार को उनकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक स्टॉल मुफ्त में दिया जाएगा।
- साझेदारी संघ के प्रचार साहित्य / सदस्यता सूची, भाग लेने वाले सभी प्रतिनिधियों को वितरित की जाएगी
- प्रत्येक साझेदार को डबल्यू एस सी में भाग लेने के लिए प्रबंध समिति के पाँच सदस्यों का मुफ्त पंजीकरण दिया जाएगा।
- **स्पाइसेस बोर्ड और साझेदारों के बीच लाभ की बंटाई इस सम्मेलन की एक नई विशेषता होगी।**
- प्रत्येक साझेदार द्वारा नामित एक सदस्य, आयोजन समिति के तहत गठित उप समितियों का सदस्य होगा। उप समिति, आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित और डबल्यू एस सी के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगी।

**अन्य संगत जानकारी**

- इस ईओआई में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है।
- कृपया ध्यान रखें कि यह प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) नहीं है, साझेदारों के चयन के लिए बोर्ड द्वारा गठित एक समिति द्वारा ई ओ आई की जांच की जाएगी।

- स्क्रीनिंग कमेटी पात्र साझेदारों को सूचीबद्ध करेगी और फिर फर्म की योग्यता के आधार पर चयन करेगी।
- सचिव, स्पाइसेस बोर्ड की अध्यक्षतावाली स्क्रीनिंग व आयोजन समिति का फैसला WSC-2020 से संबंधित सभी क्रियाकलापों के लिए बाध्यकारी होगा।
- बोर्ड, कोई भी कारण बताए बिना किसी भी आवेदक से ईओआई को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

**ई ओ आई की प्रस्तुति**

इच्छुक संगठन / संस्थान **20-07-2019** को या उससे पहले निर्दिष्ट सभी मदों के लिए दस्तावेजी प्रमाण के साथ अपना ईओआई प्रस्तुत कर सकते हैं । ई ओ आई को **"डबल्यू एस सी:2020 के लिए ज्ञान सह वित्तीय साझेदारों के चयन के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति"** उपरिलिखित मोहरबंद लिफाफे, में संलग्न किया जाना चाहिए और निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करें:

निदेशक(विपणन),<br>
स्पाइसेस बोर्ड,<br>
सुगंध भवन<br>
एन एच बैपास, पी. बी .नं. 2277<br>
पालारिवट्टम पी. ओ.<br>
कोच्ची- 682 025, केरल।<br>
दूरभाष 0484-2333610 / 2333607<br>
ई-मेल: dm.sb-ker@gov.in<br>
conference@worldspicecongress.com

*******

**Format of EoI for Emplacement of Knowledge cum Financial Partners for WSC:2020**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Organization(s)/Institution(s)/Consortium(s) / Co-Operative(s)/ Federation(s)/ Association(s) | |
| 2 | Details of Certificate of Registration | |
| 3 | Name of the Contact Person, address, email id Tel No and mobile No. | |
| 4 | Main Objective of the Organization(s)/Institution(s)/Consortium(s) / Co-Operative(s)/ Federation(s)/ Association(s) | |
| 5 | Whether the Organization(s)/Institution(s)/Consortium(s) / Co-Operative(s)/ Federation(s)/ Association(s) is/are associate with Spice Industry? If yes, please provide documentary details. | |
| 6 | Details of Experience in Spices related activities- Please provide documentary proof and the details on a seperate sheet | |
| 7 | Details of experience/exposure to conduct national/ international events/trade promotional activities/seminars etc. - Please attach seperate sheet with supporting documents | |

Place: (Signature of the Authorized signatory)

*Date:*

*Seal*

**STRUCTURE AND ORGANISATION**

| | |
|---|---|
| Name of the Organisation | |
| Total Number of Members | |
| Head office address | |
| Telephone no. | |
| Fax no. | |
| Email id | |
| Regional office address (if any) | |
| Telephone no. | |
| Fax no. | |
| Email id | |
| Main lines of business. | |

SIGNATURE